**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 29-11-2005**

**Participants : Yadav Shri Ram Kripal**

>

Title : Need to check the erosion caused by river Ganges at Diara in Patna Parliamentary Constituency, Bihar.

**श्री राम कृपाल यादव (पटना) :** मेरे संसदीय क्षेत्र पटना के दियारा में गंगा नदी के कटाव के कारण वहां लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। उनका घर कटाव में बर्बाद हो रहा है। खेती की उपजाऊ जमीन कटाव में समाप्त होती जा रही है। हमेशा ही उस क्षेत्र के निवासियों में भय बना रहता है कि कब मेरे जान-माल का नुकसान हो जाएगा। कुछ महीने पहले एक केन्द्रीय दल भी वहां का दौरा कर चुका है, लेकिन अभी तक गंगा के कटाव को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

अतः मैं सदन के माध्यम से माननीय जल संसाधन मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा दियारा में गंगा नदी द्वारा लगातार हो रहे कटाव को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। साथ ही साथ विस्थापित हजारों परिवारों की पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्हें आर्थिक मदद दी जाए।